Exam copy
23.09.17.

# D.A.V. PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR

## HALF YEARLY EXAMINATION (2017-18)

## CLASS – VI

## SUBJECT – LOWER HINDI

**Time – 3 Hours** **Full Marks - 80**

**सामान्य निर्देश :-**

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड़ - क और ख है ।
- कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में 16 प्रश्न हैं।
- प्रत्येक खंड का उत्तर क्रमशः दीजिए।
- प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न का क्रम संख्या अवश्य लिखें ।

## खंड - क

Q1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नौं के उत्तर लिखिए । $10 \times 1 = 10$

एक बार किसी राजा ने अकबर से कहा, "यदि आप मुझे एक घड़ा भरकर बुद्धि दे दें , तो आपको चतुर मानूँगा ।" अकबर सोच में पड़ गए ओर बीरबल से उपाय पूछा । बीरबल ने कहा, "महाराज ! मैं छह महीनों में एक घड़ा भरकर बुद्धि बना लूँगा ।" घर आकर बीरबल ने अपने बगीचे में कद्दू का बीज बो दिया । बीज उगे और कुछ दिनों बाद बेल पर छोटे-छोटे फल दिखने लगे । अब बीरबल ने छोटे मुँह वाला एक घड़ा लिया और घड़े को बेल के ऊपर टेढ़ा करके रखा, फिर बेल में लगे कद्दू को घड़े में डाल दिया । कुछ दिनों बाद वह कद्दू बढ़ते-बढ़ते उस घड़े में फँस गया । बीरबल ने कद्दू को काटकर अलग किया और घड़े को अकबर को दिया और कहा, "महाराज ! यह है घड़ा भरकर बुद्धि, इस घड़े से बुद्धि को निकाल लीजिए । याद रखिए घड़ा टूटे नहीं, बुद्धि को साबुत निकालकर मेरा घड़ा वापस कर दीजिए ।"

(क) राजा ने अकबर से क्या माँगा ?

(ख) बीरबल ने बगीचे में क्या बो दिया ?

(ग) कुछ दिनों बाद बेल पर क्या दिखने लगे ?

(घ) बीरबल ने अकबर से कितना समय माँगा ?

(ङ) बीरबल ने छोटे मुँह वाले घड़े को बेल के ऊपर किस तरह रखा ?

(च) बीरबल ने कद्दू का क्या किया ?

(छ) घड़े को अकबर को देते समय बीरबल ने क्या कहा ?

(ज) इस गद्यांश के लिए कोई **उचित शीर्षक** लिखिए ।

(झ) **बगीचा** शब्द का अर्थ लिखो ।

(ञ) **राजा** शब्द से वाक्य बनाओ ।

Q2. किसी एक विषय पर पत्र लिखिए । $5 \times 1 = 5$

खेल का महत्तव बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

अथवा

बुखार के कारण **तीन दिन** के अवकाश के लिए प्रधानचार्य को आवेदन पत्र लिखिए ।

Q3. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । $5 \times 1 = 5$

(क) पेड़-पौधे और हम (ख) तिरंगा झंडा

(ग) मेरा मित्र (घ) प्रिय त्योहार

Q4. निम्नलिखित शब्दों के **वचन विकल्पों** में से छाँट कर लिखिए । $4 \times 1 = 4$

(क) तकिया - (i) तकीए (ii) तकिए (iii) तकीएँ (iv) तकीयो

(ख) कुत्ता - (i) कुत्ते (ii) कुत्तों (iii) कोत्ते (iv) केत्तो

(ग) हाथी को - (i) हाथीयों को (ii) हाथीये को (iii) हाथियों को (iv) हाथीएँ को

(घ) चिड़िया - (i) चिड़ीयों (ii) चिड़िएँ (iii) चीड़ियाँ (iv) चिड़ियाँ

Q5. निम्नलिखित शब्दों के **लिंग विकल्पों** में से छाँट कर लिखिए । $3 \times 1 = 3$

(क) बैल - (i) गाय (ii) गाइ (iii) गई (iv) गयी

(ख) नदी - (i) नदा (ii) नद (iii) नदो (iv) निद

(ग) ऊँट - (i) ऊँटनि (ii) ऊँटनों (iii) ऊँटनी (iv) ऊँटोनी

Q6. निम्नलिखित शब्दों के **सही विलोम शब्द** लिखिए । $4 \times 1 = 4$

(i) मधुर (ii) दुख (iii) नया (iv) चढ़ना

Q7. निम्नलिखित शब्दों पर चंद्रबिंदु ( ँ ) तथा बिंदु ( ं ) लगाइए । $2 \times 1 = 2$

(i) घोसला (ii) वहा (iii) जगल (iv) मुह

Q8. निम्नलिखित शब्दों के **समानार्थी शब्द विकल्पों** में से छाँट कर लिखिए ।　　　$3 \times 1 = 3$

(क) स्नान - (i) धोना (ii) सफाई (iii) धुलाई (iv) नहाना

(ख) आँख - (i) नजर (ii) दिखाई (iii) नयन (iv) देखना

(ग) पानी - (i) तालाब (ii) जल (iii) नदी (iv) कुआँ

Q9. निम्नलिखित **मुहावरों के अर्थ** लिखिए ।　　　$2 \times 1 = 2$

(i) आग बबूला होना (ii) नाक में दम करना

Q10. विकल्पों में से **सही कारक** चिन्हों को चुनकर खाली स्थान भरें।　　　$2 \times 1 = 2$

(क) चिड़िया पेड़ ............. डाली पर बैठी है । (को, पर, से, की)

(ख) दीपक लालू ............. बहुत प्यार करता था । (के, को, की, से)

**खंड - ख**

Q11. किसी एक कविता की **पहली आठ पंक्तियाँ** साफ तथा सुंदर अक्षरों में लिखिए।　　　$8 \times 1 = 8$

(क) अगर पेड़ भी चलते होते (ख) चतुर कौवा

Q12. पाठ के आधार पर **खाली स्थान** भरिए।　　　$3 \times 1 = 3$

(क) मक्खी .......... के जाले में फँस गई ।

(ख) सोनाली के .......... को अखरोट बहुत पसंद थे ।

(ग) रात को लालू दीपक के .......... के नीचे सो जाता था ।

Q13. निम्नलिखिल गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।　　　$5 \times 1 = 5$

एक हाथी और एक चिड़िया में झगड़ा हो गया । हुआ यूँ कि एक चिड़िया अपने लिए एक नया घोंसला बना रही थी । यहाँ-वहाँ से तिनके इकट्ठे कर रही थी । एक बार में वह एक ही तिनका उठा पाती थी । वह तिनका पकड़ती उड़ती और पेड़ की डाली पर रख आती । उसे बार-बार यह करते देख हाथी को हँसी आ गई । वह चिड़िया पर हँसता हुआ बोला – "बेचारी, इतनी छोटी, इतनी कमजोर है कि एक से ज़्यादा तिनका उठा ही नहीं पाती । मुझे यदि ऐसे तिनके उठाने पड़े तो मैं हजारों-लाखों तिनके एक बार में उठा सकता हूँ ।"

(क) किन-किन के बीच में झगड़ा हो गया था ?

(ख) चिड़िया अपने लिए क्या बना रही थी ?

(ग) वह यहाँ-वहाँ से क्या इकट्ठे कर रही थी ?

(घ) 'बेचारी इतनी छोटी, इतनी कमजोर है कि एक से ज़्यादा तिनका उठा ही नहीं पाती' । यह वाक्य किसने किसे कहा ?

(ङ) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

Q14. किन्हीं **चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए । $4 \times 2 = 8$

(क) एक रोज मस्जिद से अजान की आवाज क्यों नहीं आई ?

(ख) मक्खी ने हाथी से क्या कहा ?

(ग)अम्मा दीपक के लिए क्या बना रही थी ?

(घ) कौवे ने पानी को कहाँ-कहाँ ढूँढा ? **चतुर कौवे** कविता के कवि का नाम लिखो ।

(ङ) अंत में मक्खी के साथ क्या हुआ ?

(च) चिड़िया पत्ता क्यों नहीं उठा पा रही थी ?

Q15. किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर लिखिए । $3 \times 4 = 12$

(क) पूरा गाँव रोज सुबह किन तीन आवाजों से जागता था ?

(ख) पुलिस ने दीपक की पीठ क्यों थपथपाई ?

(ग) हमें पेड़ क्यों लगाने चाहिए ?

(घ) चिड़िया ने आँखें क्यों बंद कर ली ?

(ङ) अंत में मक्खी के साथ क्या हुआ ?

Q16. किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर लिखिए । (जीवन मूल्य) $2 \times 2 = 4$

(क) आप अपने आस-पास के पशु-पक्षियों की मदद कैसे कर सकते हैं ? लिखिए ।

(ख) जब आपके दादा-दादी या नाना-नानी जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं होता तो आप उनकी देख-भाल और मदद किस प्रकार करते हैं ?

(ग) अगर आपसे कोई गलती हो जाए तो क्या आप माफी माँगेंगे, क्यों ?